Pulkit Ahuja
5203481

**PHKM-B-MTH**

# गणित / MATHEMATICS

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>Time Allowed : Three Hours | अधिकतम अंक : 250<br>Maximum Marks : 250 |
| --- | --- |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

जब तक उल्लिखित न हो, संकेत तथा शब्दावली प्रचलित मानक अर्थों में प्रयुक्त हैं ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Unless and otherwise indicated, symbols and notations carry their usual standard meanings.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** (a) मान लीजिए कि कोटि mn का एक परिमित समूह G है, जहाँ m और n, $(m > n)$ अभाज्य संख्याएँ हैं । दर्शाइए कि G का कोटि m का अधिक-से-अधिक एक उपसमूह है ।

Let G be a finite group of order mn, where m and n are prime numbers with $m > n$. Show that G has at most one subgroup of order m. *10*

(b) यदि $w = f(z)$, z का एक विश्लेषिक फलन है, तब दर्शाइए कि

$$\left(\frac{\partial^2}{\partial x^2} + \frac{\partial^2}{\partial y^2}\right) \log |f'(z)| = 0$$ है ।

If $w = f(z)$ is an analytic function of z, then show that

$$\left(\frac{\partial^2}{\partial x^2} + \frac{\partial^2}{\partial y^2}\right) \log |f'(z)| = 0.$$ *10*

(c) $\int_0^2 \frac{\log x}{\sqrt{(2-x)}} dx$ के अभिसरण का परीक्षण कीजिए ।

Test the convergence of $\int_0^2 \frac{\log x}{\sqrt{(2-x)}} dx$. *10*

(d) यदि x तथा y के फलन $\phi$ और $\psi$ लाप्लास समीकरण को सन्तुष्ट करते हैं, तो दर्शाइए कि $f(z) = p + iq$, $i = \sqrt{-1}$ एक विश्लेषिक फलन है, जहाँ $p = \frac{\partial \phi}{\partial y} - \frac{\partial \psi}{\partial x}$ तथा $q = \frac{\partial \phi}{\partial x} + \frac{\partial \psi}{\partial y}$ हैं ।

If $\phi$ and $\psi$ are functions of x and y satisfying Laplace equation, then show that $f(z) = p + iq$, $i = \sqrt{-1}$ is an analytic function, where $p = \frac{\partial \phi}{\partial y} - \frac{\partial \psi}{\partial x}$ and $q = \frac{\partial \phi}{\partial x} + \frac{\partial \psi}{\partial y}$. *10*

(e) निम्नलिखित रैखिक प्रोग्रामन समस्या को हल करने के लिए द्विचरण विधि का उपयोग कीजिए :

अधिकतमीकरण कीजिए $z = x_1 + 2x_2$

बशर्ते कि

$$x_1 - x_2 \geq 3$$
$$2x_1 + x_2 \leq 10$$
$$x_1, x_2 \geq 0$$

Use two phase method to solve the following linear programming problem : *10*

Maximize $z = x_1 + 2x_2$

subject to

$$x_1 - x_2 \geq 3$$
$$2x_1 + x_2 \leq 10$$
$$x_1, x_2 \geq 0$$

(a) कौशी के अभिसरण के व्यापक (जनरल) सिद्धांत का उपयोग करते हुए, अनुक्रम $< f_n >$ के अभिसरण की जाँच कीजिए, जहाँ $f_n = 1 + \frac{1}{1!} + \frac{1}{2!} + \ldots + \frac{1}{n!}$.

Using Cauchy's general principle of convergence, examine the convergence of the sequence $< f_n >$, where $f_n = 1 + \frac{1}{1!} + \frac{1}{2!} + \ldots + \frac{1}{n!}$. *15*

(b) दर्शाइए कि एक आबेली समूह का प्रत्येक समाकारी प्रतिबिम्ब आबेली है, लेकिन इसका विपरीत आवश्यक रूप से सत्य नहीं है ।

Show that every homomorphic image of an abelian group is abelian, but the converse is not necessarily true. *15*

(c) वह फलन ज्ञात कीजिए जो कि वृत्त $C : z = e^{i\theta}, 0 \leq \theta \leq 2\pi$, के अन्दर तथा उसके ऊपर विश्लेषिक है और C की परिधि पर जिसका मान $\frac{(a^2 - 1)\cos\theta + i(a^2 + 1)\sin\theta}{a^4 - 2a^2\cos 2\theta + 1}$ है, जहाँ $a^2 > 1$ है ।

Find the function which is analytic inside and on the circle $C : z = e^{i\theta}, 0 \leq \theta \leq 2\pi$ and has the value $\frac{(a^2 - 1)\cos\theta + i(a^2 + 1)\sin\theta}{a^4 - 2a^2\cos 2\theta + 1}$, on the circumference of C, where $a^2 > 1$. *20*

**Q3.** (a) फलन $f(z) = \dfrac{1}{z(\sin \pi z)\left(z + \frac{1}{2}\right)}$ के अनंतक तथा उनकी घात (ऑर्डर) का पता लगाइए । इन अनंतकों पर f(z) के अवशेष भी ज्ञात कीजिए ।

Locate the poles and their order for the function $f(z) = \dfrac{1}{z(\sin \pi z)\left(z + \frac{1}{2}\right)}$.

Also, find the residue of f(z) at these poles.

(b) श्रेणी $\sum\limits_{n=1}^{\infty} U_n(x)$, $0 \le x \le 1$ का विचार कीजिए, जिसके पहले n पदों का योगफल $S_n(x) = \dfrac{1}{2n^2} \log(1 + n^4 x^2)$, $x \in [0, 1]$ के द्वारा दिया गया है । दर्शाइए कि दी गई श्रेणी को पद-दर-पद अवकलित किया जा सकता है, यद्यपि $\sum\limits_{n=1}^{\infty} U_n'(x)$, [0, 1] पर एकसमान अभिसरित नहीं होती है ।

Consider the series $\sum\limits_{n=1}^{\infty} U_n(x)$, $0 \le x \le 1$, the sum of whose first n terms is given by $S_n(x) = \dfrac{1}{2n^2} \log(1 + n^4 x^2)$, $x \in [0, 1]$. Show that the given series can be differentiated term-by-term, though $\sum\limits_{n=1}^{\infty} U_n'(x)$, does not converge uniformly on [0, 1].

(c) द्वैत सिद्धांत का उपयोग करते हुए, निम्नलिखित रैखिक प्रोग्रामन समस्या को हल कीजिए :

न्यूनतमीकरण कीजिए $z = 4x_1 + 3x_2 + x_3$

बशर्ते कि

$$x_1 + 2x_2 + 4x_3 \ge 12$$
$$3x_1 + 2x_2 + x_3 \ge 8$$
$$x_1, x_2, x_3 \ge 0$$

Using duality principle, solve the following linear programming problem :

Minimize $z = 4x_1 + 3x_2 + x_3$

subject to

$$x_1 + 2x_2 + 4x_3 \ge 12$$
$$3x_1 + 2x_2 + x_3 \ge 8$$
$$x_1, x_2, x_3 \ge 0$$

(a) पूर्णांकों के वलय Z पर बहुपद वलय Z[x] का विचार कीजिए । मान लीजिए x द्वारा जनित Z[x] की एक गुणजावली S है । दर्शाइए कि S, Z[x] की एक अभाज्य गुणजावली है लेकिन उच्चिष्ठ गुणजावली नहीं है ।

Consider the polynomial ring Z[x] over the ring Z of integers. Let S be an ideal of Z[x] generated by x. Show that S is prime but not a maximal ideal of Z[x]. *15*

(b) [0, 1] पर परिभाषित निम्नलिखित फलन f के लिए उपरि तथा निम्न रीमान समाकल ज्ञात कीजिए :

$$f(x) = \begin{cases} (1 - x^2)^{1/2}, & \text{यदि x परिमेय है ।} \\ (1 - x), & \text{यदि x अपरिमेय है ।} \end{cases}$$

अतः दर्शाइए कि [0, 1] पर f रीमान समाकलनीय नहीं है ।

Find the upper and lower Riemann integrals for the function f defined on [0, 1] as follows :

$$f(x) = \begin{cases} (1 - x^2)^{1/2}, & \text{if x is rational.} \\ (1 - x), & \text{if x is irrational.} \end{cases}$$

Hence, show that f is not Riemann integrable on [0, 1]. *15*

(c) एक कंपनी का कार्मिक प्रबंधक, अधिकारियों A, B और C को क्षेत्रीय कार्यालयों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में नियुक्त करना चाहता है । चार क्षेत्रीय कार्यालयों में इन तीन अधिकारियों के स्थानांतरण की लागत (हजार रुपयों में) नीचे दी गई है :

| | कार्यालय | | | |
|---|---|---|---|---|
| अधिकारी | दिल्ली | मुंबई | कोलकाता | चेन्नई |
| A | 16 | 22 | 24 | 20 |
| B | 10 | 32 | 26 | 16 |
| C | 10 | 20 | 46 | 30 |

वह नियतन (असाइनमेन्ट) ज्ञात कीजिए, जो स्थानांतरण की कुल लागत को न्यूनतम करता है और न्यूनतम लागत भी निर्धारित कीजिए ।

The personnel manager of a company wants to assign officers A, B and C to the regional offices at Delhi, Mumbai, Kolkata and Chennai. The cost of relocation (in thousand Rupees) of the three officers at the four regional offices are given below :

| | Office | | | |
|---|---|---|---|---|
| Officer | Delhi | Mumbai | Kolkata | Chennai |
| A | 16 | 22 | 24 | 20 |
| B | 10 | 32 | 26 | 16 |
| C | 10 | 20 | 46 | 30 |

Find the assignment which minimizes the total cost of relocation and also determine the minimum cost. 2

## खण्ड B

## SECTION B

5. (a) दर्शाइए कि यदि f और g उनके संबंधित स्वतंत्र चरों के स्वेच्छ फलन हैं, तब $u = f(x - kt + i\alpha y) + g(x - kt - i\alpha y)$,

$$\frac{\partial^2 u}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 u}{\partial y^2} = \frac{1}{C^2}\frac{\partial^2 u}{\partial t^2}, \text{ जहाँ } \alpha^2 = 1 - \frac{k^2}{C^2} \text{ है,}$$

का एक हल है ।

Show that if f and g are arbitrary functions of their respective arguments, then $u = f(x - kt + i\alpha y) + g(x - kt - i\alpha y)$, is a solution of

$$\frac{\partial^2 u}{\partial x^2} + \frac{\partial^2 u}{\partial y^2} = \frac{1}{C^2}\frac{\partial^2 u}{\partial t^2}, \text{ where } \alpha^2 = 1 - \frac{k^2}{C^2}.$$ 10

(b) गाउस-जॉर्डन विधि द्वारा निम्नलिखित रैखिक समीकरण निकाय को हल कीजिए :

$$2x + 3y - z = 5$$
$$4x + 4y - 3z = 3$$
$$2x - 3y + 2z = 2$$

Solve the following system of linear equations by Gauss-Jordan method : 10

$$2x + 3y - z = 5$$
$$4x + 4y - 3z = 3$$
$$2x - 3y + 2z = 2$$

(c) (i) $(8D)_{16}$ और $(FF)_{16}$ के सचिह्न परिमाण रूप में दशमलव समतुल्य ज्ञात कीजिए ।

(ii) $(9B2.1A)_{16}$ का दशमलव समतुल्य ज्ञात कीजिए ।

(i) Determine the decimal equivalent in sign magnitude form of $(8D)_{16}$ and $(FF)_{16}$.

(ii) Determine the decimal equivalent of $(9B2.1A)_{16}$. 10

(d) द्रव्यमान m तथा लम्बाई 2a का एक खुरदुरा एकसमान बोर्ड एक चिकने क्षैतिज तल पर रखा है और M द्रव्यमान का एक व्यक्ति उस पर एक छोर से दूसरे छोर तक चलता है । इस दौरान बोर्ड द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए ।

A rough uniform board of mass m and length 2a rests on a smooth horizontal plane and a man of mass M walks on it from one end to the other. Find the distance covered by the board during this time. 10

(e) एक प्रवाह का वेग विभव $\phi$,

$$\phi = \frac{1}{2}(x^2 + y^2 - 2z^2)$$

के द्वारा दिया गया है । धारा रेखाएँ ज्ञात कीजिए ।

The velocity potential $\phi$ of a flow is given by

$$\phi = \frac{1}{2}(x^2 + y^2 - 2z^2).$$

Determine the streamlines. *10*

**Q6.** (a) दर्शाइए कि द्विविम लाप्लास समीकरण

$$\frac{\partial^2\phi(x, y)}{\partial x^2} + \frac{\partial^2\phi(x, y)}{\partial y^2} = 0, \quad x \in (-\infty, \infty), y \geq 0$$

का हल, परिसीमा प्रतिबन्ध

$\phi(x, 0) = f(x), x \in (-\infty, \infty)$ के अधीन तथा $\phi(x, y) \to 0$

जब $|x| \to \infty$ और $y \to \infty$,

$$\phi(x, y) = \frac{y}{\pi} \int_{-\infty}^{\infty} \frac{f(\xi)\, d\xi}{y^2 + (x - \xi)^2}$$

के रूप में लिखा जा सकता है ।

Show that the solution of the two-dimensional Laplace's equation

$$\frac{\partial^2\phi(x, y)}{\partial x^2} + \frac{\partial^2\phi(x, y)}{\partial y^2} = 0, \quad x \in (-\infty, \infty), y \geq 0$$

subject to the boundary condition

$\phi(x, 0) = f(x), x \in (-\infty, \infty)$,

along with $\phi(x, y) \to 0$ for $|x| \to \infty$ and $y \to \infty$ can be written in the form

$$\phi(x, y) = \frac{y}{\pi} \int_{-\infty}^{\infty} \frac{f(\xi)\, d\xi}{y^2 + (x - \xi)^2}.$$ *20*

(b) बूलीय व्यंजक $Y = AB\overline{C} + B\overline{C} + \overline{A}B$ के लिए तर्कसंगत परिपथ (लॉजिकल सर्किट) खींचिए । तीन निवेश द्वयंक अनुक्रमों

$A = 10001111, \quad B = 00111100, \quad C = 11000100$

के लिए निर्गत Y (सत्यमान सारणी) भी प्राप्त कीजिए ।

Draw the logical circuit for the Boolean expression $Y = AB\overline{C} + B\overline{C} + \overline{A}B$. Also, obtain the output Y (truth table) for the three input bit sequences :

$A = 10001111, \quad B = 00111100, \quad C = 11000100$ *15*

(c) दीर्घवृत्तीय डिस्क $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$, के एक चतुर्थांश, जिसका द्रव्यमान M है, का उसके तल के लंबवत तथा उसके केन्द्र से गुज़रने वाली रेखा के सापेक्ष, जड़त्व आघूर्ण ज्ञात कीजिए । दिया गया है कि किसी भी बिन्दु पर घनत्व xy के समानुपाती है ।

Find the moment of inertia of a quadrant of an elliptic disk $\frac{x^2}{a^2} + \frac{y^2}{b^2} = 1$, of mass M about the line passing through its centre and perpendicular to its plane. Given that the density at any point is proportional to xy. *15*

Q7. (a) निम्नलिखित रैखिक-कल्प समीकरण

$$(y - \phi) \frac{\partial \phi}{\partial x} + (\phi - x) \frac{\partial \phi}{\partial y} = x - y,$$

का वह समाकल पृष्ठ ज्ञात कीजिए, जो कि वक्र $\phi = 0$, $xy = 1$ और वृत्त $x + y + \phi = 0$, $x^2 + y^2 + \phi^2 = a^2$ से होकर गुज़रता है ।

Find the integral surface of the following quasi-linear equation

$$(y - \phi) \frac{\partial \phi}{\partial x} + (\phi - x) \frac{\partial \phi}{\partial y} = x - y,$$

which passes through the curve $\phi = 0$, $xy = 1$ and through the circle $x + y + \phi = 0$, $x^2 + y^2 + \phi^2 = a^2$. *15*

(b) (i) चौड़ाई $h = 1$ के साथ सिम्प्सन के $\frac{3}{8}$ नियम, और

(ii) चौड़ाई $h = 1$ के साथ समलंबी (ट्रेपिज़ोइडल) नियम

का उपयोग करके $f(x) = 5x^3 - 3x^2 + 2x + 1$ का $x = -2$ से $x = 4$ तक समाकलन कीजिए ।

Integrate $f(x) = 5x^3 - 3x^2 + 2x + 1$ from $x = -2$ to $x = 4$ using

(i) Simpson's $\frac{3}{8}$ rule with width $h = 1$, and

(ii) Trapezoidal rule with width $h = 1$. *15*

(c) मान लीजिए कि वेग क्षेत्र

$$u(x, y) = \frac{B(x^2 - y^2)}{(x^2 + y^2)^2}, \qquad v(x, y) = \frac{2Bxy}{(x^2 + y^2)^2}, \qquad w(x, y) = 0,$$

जहाँ B एक अचर है, अश्यान असंपीड्य प्रवाह के लिए गति समीकरणों को संतुष्ट करता है । इस वेग क्षेत्र से सहचारी (एसोसिएटेड) दाब का निर्धारण कीजिए ।

Let the velocity field

$$u(x, y) = \frac{B(x^2 - y^2)}{(x^2 + y^2)^2}, \qquad v(x, y) = \frac{2Bxy}{(x^2 + y^2)^2}, \qquad w(x, y) = 0$$

satisfy the equations of motion for inviscid incompressible flow, where B is a constant. Determine the pressure associated with this velocity field. 20

**Q8.** (a) आंशिक अवकल समीकरण

$$\frac{\partial}{\partial y}\left(\frac{\partial \phi}{\partial x} + \phi\right) + 2x^2y\left(\frac{\partial \phi}{\partial x} + \phi\right) = 0$$

को विहित रूप में रूपांतरित करके हल कीजिए ।

Solve the partial differential equation

$$\frac{\partial}{\partial y}\left(\frac{\partial \phi}{\partial x} + \phi\right) + 2x^2y\left(\frac{\partial \phi}{\partial x} + \phi\right) = 0$$

by transforming it to the canonical form. 15

(b) अंतर्वेशन के लिए न्यूटन के अग्रांतर सूत्र का उपयोग करके निम्नलिखित आँकड़ों से f(2·5) के मान का आकलन कीजिए :

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| f(x) : | 0 | 1 | 8 | 27 | 64 | 125 |

Using Newton's forward difference formula for interpolation, estimate the value of f(2·5) from the following data : 15

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| x : | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| f(x) : | 0 | 1 | 8 | 27 | 64 | 125 |

(c) मान लीजिए कि एक अनंत द्रव में दो समानांतर, समान तथा विपरीत सरलरेखीय भ्रमिल 2a की दूरी पर हैं । दर्शाइए कि भ्रमिल के सापेक्ष धारा रेखाएँ समीकरण

$$\log \frac{x^2 + (y-a)^2}{x^2 + (y+a)^2} + \frac{y}{a} = C$$

द्वारा दी गई हैं, जहाँ C एक अचर है, मूल-बिंदु जुड़ाव का मध्य बिंदु है, और भ्रमिलों को जोड़ने वाली रेखा y का अक्ष है ।

Suppose an infinite liquid contains two parallel, equal and opposite rectilinear vortices at a distance 2a. Show that the streamlines relative to the vortex are given by the equation

$$\log \frac{x^2 + (y-a)^2}{x^2 + (y+a)^2} + \frac{y}{a} = C,$$

where C is a constant, the origin is the middle point of the join, and the line joining the vortices is the axis of y. 20